

नवभारत
भोपाल, गुरुवार 30 अप्रैल,2026

# ट्रेन से क्षेत्र में व्यापार, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा : उइके

**हरदा में अमृत भारत एक्सप्रेस का हुआ स्वागत**




**हरदा, 29 अप्रैल. केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री डी.डी. उइके ने कहा कि बनारस-हड़पसर अमृत भारत एक्सप्रेस के प्रारंभ होने से हरदा एवं आसपास के क्षेत्र को व्यापार, पर्यटन एवं यात्री सुविधा को बढ़ावा मिलेगा. इस ट्रेन का सबसे बड़ा लाभ मध्यम एवं सामान्य दर्जे के यात्रियों को होगा. उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चल रही मांग पूरी हुई है.**

उइके बुधवार को हरदा में पहली बार अमृत भारत एक्सप्रेस पहुंचने पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉ. आर.के. दोगने, पूर्व मंत्री कमल पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, सदस्य जेडआरयूसीसी रेल मंत्रालय सुयोग सोनी, नपाध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया , नपा उपाध्यक्ष अंशुल गोयल उपस्थित थे.

इस अवसर पर अतिथियों ने हरदा रेल्वे स्टेशन पर अमृत भारत एक्सप्रेस का स्वागत किया और हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. अतिथियों ने रेल चालक दल का भी शॉल, श्रीफल एवं पुष्पहार से स्वागत किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. आर.के. दोगने ने कहा कि इस ट्रेन से जिले के यात्रियों को पूणे से बनारस के बीच आवागमन सुविधा मिलेगी.

उल्लेखनीय है कि अमृत भारत एक्सप्रेस का गत दिवस बनारस में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुभारंभ किया गया था. कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक अविराम खरे ने अपने संबोधन में बताया कि 110 कि.मी. प्रति घंटे की स्पीड तक चलने वाली इस अमृत भारत एक्सप्रेस को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है. इस ट्रेन में प्रत्येक सीट पर मोबाइल चार्जिंग एवं स्नेक टेबल की सुविधा रहेगी. ट्रेन की सीटों को आरामदायक बनाया गया है. ट्रेन में स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखा गया है. इस ट्रेन में 22 कोच रहेंगे. इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये. साथ ही प्रदर्शनी का भी आयोजन किया. इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं को पुरूस्कृत भी किया. कार्यक्रम में सीनियर डीबीएम वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्याम सिंह बरेडिया, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक शशांक भी उपस्थित थे.

**नर्मदापुरम, इटारसी से होकर गुजरेगी टेन**

खरे ने बताया कि अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन भोपाल मंडल के बीना, रानी कमलापति, नर्मदापुरम, इटारसी एवं हरदा स्टेशनों से होकर गुजरेगी. यह ट्रेन भोपाल मंडल के बीना 05 :15 बजे पहुंचेगी तथा 05 :20 बजे प्रस्थान करेगी. रानी कमलापति स्टेशन आगमन 07 :35 बजे, प्रस्थान 07 :40 बजे, नर्मदापुरम में आगमन 08 :50 बजे, प्रस्थान 08 :55 बजे, इटारसी में आगमन 09 :25 बजे, प्रस्थान 09 :30 बजे तथा हरदा में आगमन 10 :20 बजे तथा प्रस्थान 10 :25 बजे होगा. इसके पश्चात यह ट्रेन खंडवा, भुसावल, जलगांव, मनमाड, कोपरगांव, अहिल्यानगर एवं दौंड कॉर्ड लाइन होते हुए अगले दिन 00 :55 बजे हड़पसर पहुंचेगी.

# तहसील परिसर में बिना हेलमेट और सीट बेल्ट नहीं मिलेगा प्रवेश

**सिवनी मालवा 29 अप्रैल. प्रशासन ने यातायात नियमों के पालन को लेकर एक महत्वपूर्ण और सख्त निर्णय लिया है. अब तहसील कार्यालय परिसर में बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों तथा बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन चालकों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा. यह आदेश संयुक्त परिसर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और सड़क सुरक्षा नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लागू किया गया है.**



प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार कार्यालय आने वाले सभी अधिकारी, कर्मचारी और आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा. इसके लिए तहसील कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आने-जाने वाले वाहनों की जांच करेंगे. यदि कोई व्यक्ति बिना हेलमेट या बिना सीट बेल्ट पाया जाता है तो उसे परिसर में प्रवेश से रोक दिया जाएगा.

प्रशासन ने सप्ताह के अलग-अलग दिनों के लिए कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की है, ताकि नियमों का पालन निरंतर और व्यवस्थित रूप से कराया जा सके. अधिकारियों का मानना है कि इस पहल से न केवल कार्यालय परिसर में अनुशासन बना रहेगा, बल्कि आमजन में भी जागरूकता बढ़ेगी. इस निर्णय को स्थानीय नागरिकों ने भी सराहनीय बताया है. लोगों का कहना है कि समाज में भी इसका सकारात्मक संदेश जाएगा.

## एक नजर में



### आश्वासन के बाद किसानों ने किया आंदोलन समाप्त

**हरदा 29 अप्रैल.** 22 सूत्रीय मांगों को लेकर किया 'घेरा डालो डेरा डालो किसान क्रांति आंदोलन' मंगलवार देर रात समाप्त हो गया. नर्मदापुरम डिप्टी कमिश्नर दिवाकर नारायण पटेल मौके पर पहुंचे और किसानों से बात की. किसानों ने शासन एवं प्रशासन को दो दिनों की मोहलत दी है. किसानों ने कहा है कि हम आपके आश्वासन पर अभी हमारा आंदोलन समाप्त कर रहे हैं परंतु यदि दो दिनों में हमारी मांगे नहीं मानी गई तो हम फिर से उग्र आंदोलन करेंगे. गौरतलब है कि गेहूं और मूंग की खरीदी में आ रही समस्याओं को लेकर हरदा, देवास, नर्मदापुरम और खंडवा जिले के किसान बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों के साथ कृषि मंडी में जमा हुए थे. हालात को देखते हुए कलेक्ट्रेट-मंडी क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया था. किसान अपनी ट्रॉलियों में घर से आटा, दाल और अन्य खाद्य सामग्री लेकर आए थे. देर रात यहां सैकड़ों किसानों और ड्यूटी पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने साथ बैठकर भोजन किया.

### पक्षियों के लिए जलपात्र का किया वितरण

**हरदा, 29 अप्रैल.** अखिल भारतीय जैन महिला परिषद के तत्वावधान में संस्कार ग्रुप की पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष साधना सुरेंद्र जैन द्वारा जीवदया की भावना को साकार करते हुए सराहनीय पहल की गई. ग्रुप की सक्रिय सदस्य साधना जैन के नेतृत्व में पक्षियों के लिए जल पात्र वितरित किए गए, जिससे भीषण गर्मी में बेजुबान जीवों को राहत मिल सके. परिषद की अध्यक्ष रेखा अजमेरा, सचिव ऋतु अजमेरा एवं कोषाध्यक्ष गरिमा जैन ने ग्रुप के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए सभी सदस्यों को बधाई दी. उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल समाज में करुणा और सेवा की भावना को मजबूत करती है .उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती साधना सुरेंद्र जैन द्वारा मिट्टी के 51 पात्र वितरित किए गए. इन पात्रों में पानी भरकर विभिन्न स्थानों पर रखा जाएगा, ताकि पक्षियों को गर्मी के मौसम में पानी आसानी से उपलब्ध हो सके.

### उपाध्याय बने बुधनी विधानसभा के प्रभारी



**इटारसी, 29 अप्रैल** .प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश महासचिव राजकुमार केलू उपाध्याय को सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा सीट प्रभारी नियुक्त किया है. प्रदेश महासचिव राजकुमार केलू उपाध्याय ने कहा कि उक्त विधानसभा में कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे को और गतिमान सुदृढ़ करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को बढ़ाएंगे. क्षेत्र में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए काम करेंगे.

### नीट यूजी के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**नर्मदापुरम, 29 अप्रैल.** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट यूजी 2026 की परीक्षा 03 मई को आयोजित की जाएगी. परीक्षा दोपहर 02 :00 से 05 :00 बजे तक जिले के 03 परीक्षा केन्द्रों पर ओएमआर आधारित पद्धति से होगी. इस संबंध में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु कलेक्टर कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है. परीक्षार्थी परीक्षा संबंधी जानकारी या किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत के लिए कंट्रोल रूम के टेलीफोन नंबर 07574-251292 पर संपर्क कर सकते हैं. कंट्रोल रूम में सुनील गढ़वाल, नायब तहसीलदार माखननगर की कंट्रोल रूम प्रभारी के रूप में ड्यूटी लगाई गई है. सहायक के रूप में आशुतोष भार्गव, ऑपरेटर, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं नर्मदा प्रसाद बरेले, प्राथमिक शिक्षक, शासकीय उ.मा.वि. रायपुर की ड्यूटी लगाई गई है.

## अप्रैल के 18 दिन 40 डिग्री के ऊपर रहा तापमान

**नर्मदापुरम, 29 अप्रैल.** जिला मुख्यालय पर अप्रैल के अंतिम दिनों में तापमान ने थोड़ी नरमी बरती है, लेकिन 12 अप्रैल से 29 अप्रैल तक 18 दिनों तक अधिकतम तापमान 40 डिग्री के ऊपर ही बना रहा. जिसमें 26 अप्रैल को तो रिकार्ड 44.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था. उपलब्ध अभिलेख के आधार पर नर्मदापुरम में उच्तम अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस 25 अप्रैल 1980 को दर्ज किया गया था. जबकि न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री सेल्सिपस 01 अप्रैल 1988 को दर्ज हुआ था. पिछले दो दिनों से अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री पर स्थिर बना हुआ है. यह स्थिति दो दिनों तक रहेगी. वर्तमान समय में राजस्थान से आने वाली तपती हवाओं की रफ्तार धीमी पड़ी है इस कारण गर्मी से थोड़ी राहत मिली है.

## लोवंशी का मप्र जूनियर टीम में हुआ चयन

**इटारसी, 29 अप्रैल.** जिले के ग्राम बघवाड़ा के होनहार खिलाड़ी ख्वाब लोवंशी का चयन तीसरे जूनियर नेशनल पिट्ठू चैंपियनशिप हेतु मध्यप्रदेश जूनियर टीम में किया गया. जिला पिट्ठू संघ के अध्यक्ष अशोक मालवीय ने बताया कि ख्वाब लोवंशी ने हाल ही में आयोजित खेलो यूथ गेम्स एमपी में नर्मदापुरम जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया था और राज्य स्तर पर कांस्य पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था. उनके लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन का ही परिणाम है कि अब उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त हुआ है. जिला पिट्ठू संघ के महासचिव जाफर सिद्दीकी ने कहा कि ख्वाब की यह उपलब्धि पूरे बघवाड़ा गांव और जिले के युवाओं के लिए



प्रेरणास्त्रोत है. कोच अंश मालवीय एवं शरद लोवंशी ने बताया कि यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 3 मई से 6 मई तक सूरत, गुजरात में आयोजित होगी, जिसमें देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेंगे. ख्वाब लोवंशी की इस उपलब्धि पर अशोक मालवीय, जाफर सिद्दीकी, देवेंद्र सिंह परिहार, आलोक चौधरी, अर्पण दुबे, अश्वनी मालवीय, वंश मालवीय, निखिल, रितेश, शाहिद ने बधाई दी है.

## 10 जुलाई को मां वैष्णो देवी रवाना होगा जत्था

**इटारसी, 29 अप्रैल.** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष 51वें वर्ष में मां वैष्णो देवी यात्रा का जत्था 10 जुलाई को सुबह 7.20 बजे अंडमान एक्सप्रेस से इटारसी से जम्मू कटरा के लिये रवाना होगा. इसको लेकर मां वैष्णो देवी यात्रा जत्था प्रभारी सतीश बतरा और उनकी पूरी टीम ने तैयारियां शुरू कर दी है.टीम द्वारा इस वर्ष 10 जुलाई की तारीख निर्धारित कर तैयारियां शुरू कर दी है. इस सबंध में सतीश बतरा ने बताया क कटरा में होटलों में कमरों की बुंकिग शुरू कर दी है. जत्था 11 जुलाई को कटरा पहुंचेगा. कटरा में नीचे समिति द्वारा 11 जुलाई को जागरण और भंडारे का आयोजन रखा है.जत्था में जा रहे यात्री 11 जुलाई की रात्रि में वैष्णो भवन के लिये चढ़ाई शुरू कर सकते है.या फिर 12 जुलाई को सुबह से चढ़ाई शुरू कर सकते है.

## सिलेंडर बुकिंग के नाम पर व्यापारी से 1.28 लाख की ठगी

**गूगल से नंबर सर्च करना पड़ा भारी**

**नर्मदापुरम, 29 अप्रैल. जिले के माखननगर में एक 60 वर्षीय व्यापारी साइबर ठगी का शिकार हो गए. आरोपियों ने एलपीजी सिलेंडर बुकिंग के बहाने उनके बैंक खातों से कुल 1.28 लाख रुपए निकाल लिए.**

घटना 17 अप्रैल की शाम करीब 4 बजे की है, जबकि पुलिस ने जांच के बाद 12 दिन बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पुलिस के अनुसार, व्यापारी संजीव खंडेलवाल गैस सिलेंडर बुकिंग करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन बुकिंग नहीं हो पाई. इसके बाद उन्होंने शिकायत दर्ज कराने के लिए गूगल पर कस्टमर केयर नंबर सर्च किया और उस नंबर पर कॉल कर दिया. फोन उठाने वाला व्यक्ति साइबर ठग निकला. ठग ने बातचीत के दौरान व्यापारी को वॉट्सएप पर वीडियो कॉल किया और एक एपीके फाइल का लिंक भेजा. जैसे ही व्यापारी ने लिंक पर क्लिक किया, उनका मोबाइल हैक हो गया और फोन का पूरा डेटा ठग के पास पहुंच गया.

इसके बाद ठग ने एक बारकोड भेजकर कहा कि उसमें 2 रुपए डालने से बुकिंग हो जाएगी. इस प्रक्रिया में करीब आधा घंटा लगा. इसी दौरान आरोपी ने व्यापारी के दो बैंक खातों से 99,999 हजार और 28,999 रुपए निकाल लिए.

पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस थोटा ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक को खोलने से पहले उसकी जांच कर लें. एपीके फाइल को न खोले.

## समस्याओं को हल करने के दिए निर्देश



**हरदा, 29 अप्रैल.** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए. इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा, एसडीएम खिरकिया सुश्री शिवांगी बघेल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे.

जनसुनवाई में ग्राम कुड़ावा निवासी रघुवीर राजपूत ने कलेक्टर को आवेदन देकर खेत में जाने हेतु रास्ते की मांग की. खिरकिया के वार्ड क्रमांक 1 के नागरिकों ने आम रास्ते पर अतिक्रमण के संबंध में शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार खिरकिया को मामले की जांच के निर्देश दिये. टिमरनी निवासी अशोक कुमार बिल्लोरे ने अपनी भूमि का नक्शा दुरूस्त कराने के संबंध में आवेदन दिया. हरदा निवासी संतोषीबाई ने विद्युत बिल अधिक आने के संबंध में शिकायत की.

## जल संरक्षण को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाया

**पिपरिया, 29 अप्रैल.** मप्र जनअभियान परिषद द्वारा विस्थापन ग्राम में जलसंरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया. परिषद द्वारा ग्रामीणों को पानी के महत्व को समझाया और वर्षा जल के संरक्षण के लिये प्रेरित किया. उपस्थित ग्रामीणों को बताया गया कि जल ही जीवन का आधार है इसलिये इसका सदुपयोग एवं संरक्षण अत्यंत आवश्यक है. कार्यक्रम में ब्रजेश प्रजापति ने गर्मी में पक्षियों के लिये दाना पानी रखने की अपील की. देवेंद्र पटेल द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी दी.

## विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

**इटारसी, 29 अप्रैल. शासकीय कन्या उ.मा.वि. में परीक्षा परिणाम जनित तनाव प्रबंधन एवं जीवन संरक्षण के प्रति जागरुकता अभियान के अंतर्गत बुधवार को विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रथम जिला न्यायाधीश अनीता खजुरिया ने उपस्थित बालिकाओं को संबोधित किया. उनका सम्मान प्राचार्य सतीश खलखो, प्रधान पाठक महेश कुमार रायकवार एवं समस्त स्टाफ द्वारा किया गया.**



न्यायाधीश अनीता खजुरिया ने कहा कि हौसला बुलंद होना चाहिए जो हमें जीवन की ऊंचाइयों पर ले जाता है. उन्होंने बताया कि अंक मायने नहीं रखते, अभी पढ़ाई में निरंतरता अनिवार्य है. अगर अंक कम आए हैं तो इसका मतलब यह नहीं की आपको दोबारा मौका नहीं मिलेगा. जीवन महत्वपूर्ण है. साथ ही बालिकाओं को कानून के महत्व को भी समझाया. इस अवसर पर

विनय सोनिया, श्याम दुबे, पूरन रजक, आदित्य बड़कुर, गीता सुतार,विनीता दुबे ,अभिलाषा खत्री, प्रीति शिवहरे , श्रीदेवी सराठे , अर्चना सिंग, संगीता ठाकरे, अनुराधा मिश्रा,सविता चौरे ,कविता उपाध्याय ,उषा उइके, अंशी जैन, ज्योति चौधरी,श्रीमती हरिकला मैडम, दीपक तेकाम, समीक्षा जैन समेत कई लोग उपस्थित थे. संचालन बृजेश जाटव ने किया. आभार प्रधान पाठक महेश कुमार रायकवार ने माना.

## चिकित्सकों की कमी से परेशान हो रहे हैं मरीज

**पिपरिया, 29 अप्रैल.** शासकीय अस्पताल में डॉक्टरो की कमी है. वही कई चिकित्सक समय पर उपस्थित नहीं होते. इससे मरीज परेशान हो रहे हैं. अधिकारियों द्वारा इस पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है, शिासकीय अस्पताल पिपरिया में 10 चिकित्सक पदस्थ है परंतु 4 चिकित्सक प्रथम श्रेणी के होने के कारण ओपीडी व इमरजेंसी ड्यूटी में बैठने से कतराते है. शासकीय अस्पताल में क्लास 1 चिकित्सकों में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ.अनिता साहू,शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.सुनील आर्य पदस्थ हैं, वहीं डॉ.अजीत यादव व डॉ.राजकुमार विश्वकर्मा ज्वाइन करके चले गये है. डॉ. देवेंद्र ठाकुर,डॉ.शिवप्रतापसिंह,बीएमओ डॉ.ऋचा कटकवार,दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.वंदना शर्मा पदस्थ हैं. अभ डॉ.कमरूदीन सैयद नाक,कान,गला विशेषज्ञ आये हैं. वही बंधपत्र के अंतर्गत दंतरोग विशेषज्ञ डॉ.मनीष डेहरिया का समय समाप्त होने वाला है. कुछ चिकित्सक ही48-48 घंटे लगातार ड्यूटी कर रहे हैं. इस संबंध में बीएमओ डॉ.ऋचा कटकवार ने बताया कि जिला स्वास्थ्य अधिकारी, एसडीएम को अवगत कराया जा चुका है.

**फरियाद** — लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं के आवेदन देकर की निराकरण की मांग

# जनसुनवाई में एसडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**पिपरिया, 29 अप्रैल. एसडीएम की जनसुनवाई में नागरिकों ने आवेदन देकर समस्याओं के निराकरण की मांग की. दो दर्जन आवेदनों में रिकॉर्ड दुरुस्ती सीमांकन ,भूमि पर अवैध कब्जा, प्रधानमंत्री आवास की किश्त आदि की समस्याएं थीं.**

एसडीएम ने संबंधित विभागों को आवेदन भेज प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देश दिये. धनासरी के हेमंत पटेल ने शंखनी सबस्टेशन पर विद्युत विभाग द्वारा अघोषित कटौती बंद करने हेतु मांग की. उन्होंने कहा कि अघोषित कटौती होने के कारण किसानों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड रहा है. रामपुर के देवसिंह रघुवंशी ने आवेदन देकर बताया कि खसरा 363,250/1,259/2 शासकीय रकबा 15 एकड़ में हमारे रास्ते पर गेहूं की फसल लगाकर अवैध कब्जा किया है, जिससे अब खेत पर आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. ग्राम ठूंठादहलवाडा की जानकी बाई ने आवेदन में बताया कि मेरे खेत में सरपंच प्रवीणसिह एवं उनके सहयोगियों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया है. परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है. खापरखेडा के वीरेन्द्र पटेल ने स्वयं की भूमि पर अवैध कब्जा करने, बनवारी के राजेन्द्र रघुवंशी ने बताया कि पड़ोसियों द्वारा खेत पर जाने का रास्ता बंद कर दिया है. मंजू कुशवाहा हथवांस ने मेरे मकान पर अन्य व्यक्ति द्वारा कब्जा करने,बीजनवाडा की सरोज सूर्यवंशी ने पति राजा सूर्यवंशी द्वारा परेशान करने,मनीष रघुवंशी खैरीकला ने सीमांकन करने, खूबचंद बाथरे बनखेड़ी ने रिकॉर्ड दुरुस्त करने बीना अहिरवार हथवांस ने मुआवजा राशि दिलाने की मांग की.

### आवेदकों को शरबत पिलाया

भीषण गर्मी के दौरान पिछले सप्ताह कलेक्टर जनसुनवाई में आवेदन देने जाने वाले आवेदकों को शरबत पिलाया था. उसी तर्ज पर पिपरिया जनपद सभागृह में भी जनसुनवाई में आवेदन देने आने वाले आवेदकों को शरबत पिलाया गया. जबकि जनपद पंचायत में जब से जनसुनवाई शुरू हुई है तब से एक एक व्यक्ति को प्रवेश दिया जाता है. वहीं आवेदक बाहर धूप में खडे रहते है.

## सांसद ने दिखाई ट्रेन को हरी झंडी



**इटारसी, 29 अप्रैल.** अयोध्या - मुंबई (लोकमान्य तिलक टर्मिनल) अमृत भारत एक्सप्रेस को सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने हरी झंडी दिखाकर इटारसी स्टेशन से रवाना किया. इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, इटारसी नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे समेत कई लोग उपस्थित थे.

## हरदा विधायक ने लगाया भ्रामक जानकारी प्रसारित करने का आरोप

**हरदा, 29 अप्रैल.** हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने द्वारा मंडल रेल प्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल, सहायक मंडल इंजीनियर, पश्चिम मध्य रेलवे हरदा एवं पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजा है. उन्होंने पूर्व मंत्री के निज सहायक के.एल. कुशवाह विरूध सोशल मीडिया पर शासकीय कार्यक्रम की भ्रामक जानकारी प्रसारित कर जनमानस को गुमराह करने व प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने पर सख्त वैधानिक कार्यवाही करने की मांग की गई है. पत्र में लेख किया गया है कि 29 अप्रैल 2026 को हरदा रेलवे स्टेशन पर आयोजित 'अमृत भारत एक्सप्रेस' (गाड़ी संख्या 02531 बनारस-हड़पसर) का स्वागत एवं उद्घाटन कार्यक्रम पूर्णत: भारत सरकार एवं रेलवे विभाग का शासकीय कार्यक्रम था. उक्त कार्यक्रम के संबंध में पूर्व मंत्री कमल पटेल के निज सहायक के.एल. कुशवाहा द्वारा अपनी फेसबुक आईडी से जानबूझकर भ्रामक जानकारी प्रसारित की गई है. शासकीय कार्यक्रम की वास्तविकता को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करने एवं अनधिकृत रूप से राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास प्रतीत होता है.